# छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा), रायपुर

प्रकरण क्रमांक–**M-PRO-2019-00869**

– समक्ष –
श्री विवेक ढाँड, अध्यक्ष,
श्री नरेन्द्र कुमार असवाल, सदस्य,
श्री राजीव कुमार टम्टा, सदस्य,

श्रीमती कविता श्रीमाली, पति–श्री संजय श्रीमाली,
निवासी–डी–3/201, आदित्य कॉलोनी,
लपन्गा, संबलपुर (उड़ीसा), .................... **आवेदिका**

<u>विरूद्ध</u>

अबीर बिल्डकॉन प्रा.लि.,
द्वारा–श्री अफताब सिद्दीकी,
निवासी–अब्दुल मतीन सिद्दीकी,
सुन्नी मस्जिद के पास, नयापारा, रायपुर (छ.ग.) .................... **अनावेदक**

**(प्रोजेक्ट–''सिटी ऑफ वेलेंसिया, ग्राम–नरदहा, तह.–आरंग, रायपुर)**

**<u>आदेश</u>**

**<u>(दिनाँक–26/12/2020)</u>**

आवेदिका श्रीमती कविता श्रीमाली, पति–श्री संजय श्रीमाली, निवासी–डी–3/201, आदित्य कॉलोनी, लपन्गा, संबलपुर (उड़ीसा) के द्वारा भू–संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा 31 के अंतर्गत निर्धारित प्रारूप–ड (FORM-M) में आवेदन कर अनावेदक के विरूद्ध शिकायत प्रस्तुत की गई है। आवेदिका का कथन है कि उसने अनावेदक के प्रोजेक्ट ''सिटी ऑफ वेलेन्सिया'' में भू–खण्ड क्रमांक–161, मूल्य रूपये 4,57,500/– को क्रय कर इकरारनामा निष्पादित किया। अनावेदक द्वारा संपूर्ण विक्रय प्रतिफल की प्राप्ति पश्चात् वर्ष 2012 में रजिस्ट्री बैनामा भी निष्पादित किया जा चुका है। आवेदिका के अनुसार भूखण्ड को विक्रय करते समय अनावेदक ने प्रोजेक्ट को पूर्ण विकसित टाउनशिप के रूप में विकास करने का आश्वासन दिया था। अनावेदक को विवादित प्रोजेक्ट में निम्नलिखित सुविधाओं का विकास करना थाः– 80 फीट चौड़ी सी.सी. रोड, फाउटेंन, गार्डन, 50 फीट चौड़ी आंतरिक सी.सी. रोड, स्वीमिंग पूल, बच्चों के लिए प्ले जोन, अंडर ग्राउंड ड्रेनेज आदि। किन्तु अनावेदक ने एक वर्ष के भीतर विकास कार्य पूर्ण करने का आश्वासन देने पश्चात् भी आज तक कोई विकास कार्य पूर्ण नहीं किया है। अतः आवेदिका ने अनावेदक को प्रोजेक्ट के समस्त विकास कार्य समय सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित करने का अनुरोध

